Dainik Tribune, Gurgaon
Wednesday, 12th February 2020; Page: 3
Width: 15.29 cms; Height: 17.00 cms; a4; ID: 43.2020-02-12.20

छात्रा को अलग बिठाने का मामला

मानवाधिकार आयोग की टीम आज पहुंचेगी स्कूल

रेवाड़ी, 11 फरवरी (निस)

बावल क्षेत्र के गांव हरचंदपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालय में छठी कक्षा की अनुसूचित जाति की एक छात्रा को कथित रूप से अन्य बच्चों से अलग बिठाने के मामले की गंभीरता को देखते हुए मानवाधिकार आयोग पंचकूला की टीम 12 फरवरी को जांच के लिए स्कूल आएगी। छात्रा के परिजनों ने बावल के एसडीएम को शिकायत देकर आरोप लगाया था कि उनकी बेटी के साथ स्कूल में भेदभाव हो रहा है और जिम्मेदार शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। परिजनों के आरोपों को लेकर यह समाचार मंगलवार को जब दैनिक ट्रिब्यून में प्रकाशित हुआ तो मानवाधिकार आयोग की टीम भी हरकत में आ गई। वहीं स्कूल प्राचार्या बिमला देवी व खंड शिक्षा अधिकारी रामपाल ने किसी भी बच्चे के साथ किसी भी तरह के भेदभाव से साफ इनकार किया है। शिक्षा अधिकारी रामपाल ने कहा कि मानवाधिकार आयोग की टीम जब स्कूल पहुंचेगी तो वे भी वहां मौजूद रहेंगे। इस आधार पर वह कह सकते हैं कि छठी कक्षा की छात्रा के साथ भेदभाव किए जाने के आरोप निराधार हैं।